लोक सभा अध्यक्ष ने दीपावली की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली 03 नवंबर 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

सभी देशवासियों को दीपावली महापर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई। मां लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे।

दीपावली हमें धर्म, सत्य, सेवा, न्याय और परमार्थ के मार्ग पर चलने का ज्ञान देता है, हमारे हृदय में मानवता के कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करने की चेतना उत्पन्न करता है। आइए, इस दीपावली पर संकल्प लें कि हमारा प्रत्येक कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव उत्पन्न करे। हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत-आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। हमारे प्रयासों से किसान और श्रमिक भाइयों का जीवन सम्पन्न बने, हमारे गांवों में समृद्धि आए। समाज के हरेक वर्ग का उत्थान हो।

एक बार पुनः आप सभी को दीपावली की शुभकामनाएं। यह पर्व आपको और आपके परिवार को सुख, शांति और स्वास्थ्य से समृद्ध करे।

जय हिंद, जय भारत